प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-345**
07/08/2018

मुख्यमंत्री ने एम0 करूणानिधि के निधन पर गहरी शोक संवेदना जताई

पटना, 07 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रख्यात राजनीतिज्ञ, डी0एम0के0 प्रमुख एवं तमिलनाडू के पूर्व मुख्यमंत्री एम0 करूणानिधि के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश ने एक बड़ी राजनीतिक शख्सियत को खो दिया है, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को हमेशा सबसे ऊपर समझा। वे तमिलनाडू में सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के प्रणेता रहे। राष्ट्रीय स्तर पर विशेषकर तमिलनाडू में सामाजिक समरसता एवं वंचित तबकों के उत्थान के लिये उनके योगदान एवं उपलब्धियों को सदैव याद किया जाता रहेगा। मेरा उनसे सदैव आत्मीय संबंध रहा। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में भी अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने आज सुबह ही एम0 करूणानिधि की पुत्री श्रीमती कनीमोझी से दूरभाष पर वार्ता की थी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******